YSDA
INDIA
NITI Aayog
सत्यमेव जयते
FIT
INDIA
ISO
बेटी बचाओ
बेटी पढ़ाओ

दैनिक भास्कर

कोरबा 04-12-2021

ताइक्वांडो की राष्ट्रीय स्पर्धा में कोरबा के आठ खिलाड़ियों ने जीते पदक, छग बनी उपविजेता

भास्कर न्यूज़ | कोरबा

ताइक्वांडो की राष्ट्रीय स्पर्धा गोवा में आयोजित हुई। इसमें कोरबा के 8 खिलाड़ियों ने पदक जीता है। इसमें 4 स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं। इसी की बदौलत स्पर्धा में छत्तीसगढ़ ने उपविजेता का खिताब हासिल किया। छत्तीसगढ़ के कई जिलों से 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। एसोसिएशन के सचिव अनिल मन्नेवार ने बताया कि कोरबा

के खिलाड़ियों ने 4 स्वर्ण, 2 रजत, 2 कांस्य पदक जीते है। सब जूनियर बालक आरूष केंवट अंडर 35 किलोग्राम में कांस्य, हिमांक डागा अंडर 38 किलोग्राम में स्वर्ण पदक, जूनियर बालक वर्ग अंकित प्रजापति अंडर 73 किलोग्राम में रजत पदक, सीनियर बालक वर्ग विवेक साहू अंडर 54 किलोग्राम में कांस्य पदक, सूरज कुमार अंडर 74 किलोग्राम में स्वर्ण पदक, संजीत राय अंडर 80 किलोग्राम में स्वर्ण पदक, सीनियर बालिका वर्ग लखनी साहू अंडर 46 किलोग्राम में स्वर्ण पदक, आंचल जलतारे अंडर को 49 किलोग्राम में रजत मिला है। टीम के कोच लोकेश राठौर व मैनेजर पूनम छाबड़ा हैं।